# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.06.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर हमला, कहा– जनभागीदारी से किया जा सकता है हर संकट का सामना ।**
2. **हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने की सांसद तीर्थ दर्शन योजना की शुरुआत, पहले चरण में 180 श्रद्धालु देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए हुए रवाना।**
3. **चाईबासा में आयोजित मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ, न्यायमूर्ति दीपक रोशन ने विधिक जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर।**
4. **जमशेदपुर में भारी बारिश से स्कूल जलमग्न, 162 बच्चों को पुलिस ने किया सुरक्षित रेस्क्यू ।**
5. **सैनिक स्कूल तिलैया में ऑल इंडिया सैनिक स्कूल हॉकी चैंपियनशिप का हुआ समापन, सैनिक स्कूल तिलैया बना ओवरऑल विजेता, नालंदा सैनिक स्कूल रहा उपविजेता।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जन–भागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई, छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा गया।

**********************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने निजी खर्चे पर **सांसद तीर्थ दर्शन योजना** की शुरुआत की है। पहले चरण में 180 श्रद्धालु तीन वातानुकूलित बसों से वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल के लिए रवाना हुए। मौके पर सांसद ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के उन बुजुर्गों और तीर्थयात्रा से वंचित लोगों को सम्मान और अवसर प्रदान करना है।

**********************

चाईबासा में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन ने इस शिविर में शिरकत की और कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सरकार की योजनाएं आम लोगों तक तेजी से पहुंचाई जा सकती हैं। उन्होंने विधिक जागरूकता बढ़ाने और लोगों को उनके अधिकारों से अवगत कराने पर भी जोर दिया।

**********************

खूंटी जिले के लांदुप पंचायत के काड़ेतुबिद गांव में कल देर रात अपराधियों ने ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की लाठी–डंडे और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। साथ ही अपराधी घर में लूटपाट करने के साथ घर का सामान भी क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया है और हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने घटना पर दुख जताते हुए राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

**********************

गोड्डा और संताल परगना के लोगों का अब **खाटू श्याम जी दरबार** तक जाना आसान हो जाएगा। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की मांग पर रेल मंत्री ने यह स्वीकृति दे दी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

जमशेदपुर के पोटका प्रखंड स्थित एक आवासीय विद्यालय में कल तेज बारिश के कारण स्कूल परिसर जलमग्न हो गया। पानी भरने से 162 बच्चे स्कूल में फंस गए थे। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन

चलाकर सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान नाव और रस्सियों का इस्तेमाल किया गया और बच्चों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार एवं काउंसलिंग दी गई।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले तीन घंटे में वज्रपात और बारिश की चेतावनी जारी की है। अलर्ट में बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, जामताड़ा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा जिलों को शामिल किया गया है। विभाग ने संबंधित जिलों को सतर्क रहने और एसडीएमए के दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा है।

**********************

**संक्षिप्त खबरें–**

- धनबाद में 15वें वित्त आयोग की राशि जारी नहीं होने से पंचायत जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो वे रांची में प्रदर्शन करेंगे और सामूहिक इस्तीफा देंगे।
- चतरा में सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिस जवान मनीष कुमार ने मामूली विवाद में एक मजदूर को पीट दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने आरोपी पुलिस जवान को तत्काल निलंबित कर दिया।
- गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के बांदु गांव के पास तीन टेंपो की टक्कर में एक मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्चे की मां समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

**********************

कोडरमा जिले के सैनिक स्कूल तिलैया में आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल हॉकी चैंपियनशिप का समापन हो गया। पांच दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल तिलैया की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि नालंदा सैनिक स्कूल उपविजेता रहा। तिलैया की टीम अब नेशनल चैंपियनशिप में खेलेगी, जहां बेहतर प्रदर्शन करने पर नेहरू कप में खेलने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि 203 कोबरा बटालियन के कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं और टीम भावना विकसित करते हैं।

******************